बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

पत्रांक–1 / PMC / विविध/912/2013 841 पटना, दिनांक– 06/10/26

प्रेषक,

ब्रजेश मोहन
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता (यांत्रिक सहित),
जल संसाधन विभाग, बिहार।

विषय :– जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक राज्य के सरकारी/सरकार के अधीन भवनों पर कुल 500 मेगावाट क्षमता के ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट के अधिष्ठापन हेतु विभागाधीन भवनों की विवरणी उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– ब्रेडा का पत्रांक–1625 दिनांक–15.09.2026, विभागीय पत्रांक–1/PMC /विविध/912/2013–757 दिनांक–03.09.2026, पत्रांक–754 दिनांक–25.10.2022, पत्रांक–706 दिनांक–29.09.2022, पत्रांक–606 दिनांक–22.08.2022 एवं 1/PMC/विविध/912/2013–808 दिनांक–13.09.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि जन–जीवन–हरियाली अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक राज्य के सरकारी/सरकार के अधीन भवनों पर कुल 500 मेगावाट क्षमता के ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट के अधिष्ठापन का कार्य ब्रेडा द्वारा कराया जा रहा है। जिसके संबंध में आपके अधिन सभी सरकारी भवनों की विवरणी विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया था। जो अबतक अप्राप्त है।

इस क्रम में ब्रेडा, पटना का पत्र संलग्न कर पुनः निदेश है कि अद्यतन वांछित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र (हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी) में विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इसे अतिमहत्वपूर्ण समझा जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन
06/10/26
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक–1 / PMC / विविध/912/2013 841 पटना, दिनांक– 06/10/26

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, सूचना एवं प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार को संबंधित को ई–मेल एवं वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

06/10/26
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

Desktop/draft_Letter_Cricular 2_399

बिहार सरकार
बिहार रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेन्ट एजेंसी (ब्रेडा)
(ऊर्जा विभाग के अधीन एक सरकारी अभिकरण)
अक्षय ऊर्जा भवन, BSP(H)CL कॉलोनी, पटना–800023
वेबसाईट– breda.co.in

ई–मेल:- breda.pat@gmail.com
दूरभाष:- 0612-2505734, 18003456204

16 SEP 2026

पत्रांक:– BREDA/SPV/Power Plant/72/2019 (खण्ड) 1625 दिनांक:– 15/09/2026

प्रेषक,

अजय यादव, भा0प्र0से0
सचिव, ऊर्जा विभाग–सह–अध्यक्ष, ब्रेडा।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
बिहार सरकार, पटना।

विषय:– **जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक राज्य के सरकारी/सरकार के अधीन भवनों पर कुल 500 मेगावाट क्षमता के ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट के अधिष्ठापन हेतु विभागाधीन भवनों की विवरणी उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंग:–
1. ऊर्जा विभाग, बिहार सरकार का संकल्प सं0– 02 दिनांक–14.07.2026
2. ब्रेडा पत्रांक– 1315 दिनांक– 22.07.2026
3. मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक 12.08.2026 को सम्पन्न हुए बैठक की कार्यवाही।
4. ब्रेडा पत्रांक– 1580 दिनांक– 03.09.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि मुख्यमंत्री नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा योजना एवं जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक राज्य के सरकारी/सरकार के अधीन भवनों पर कुल 500 मेगावाट क्षमता के ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट का Renewable Energy Service Company (RESCO) Mode में अधिष्ठापन हेतु राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त है। इस संबंध में ऊर्जा विभाग का संकल्प सं0–02 दिनांक 14.07.2026 एवं मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक 12.08.2026 को सम्पन्न हुए बैठक की कार्यवाही सुलभ प्रसंग हेतु इस पत्र के साथ संलग्न है।

उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विभिन्न विभागों के अधीन सरकारी भवनों पर चरणबद्ध तरीके से ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जाना है, जिसके लिए विभागाधीन भवनों की अद्यतन विवरणी उपलब्ध होना आवश्यक है। विदित हो कि उपर्युक्त कार्य हेतु RESCO डेवलपर का चयन निविदा के माध्यम से किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि आपके विभाग के अधीन सभी सरकारी भवनों का विवरण विहित प्रपत्र में ब्रेडा को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, जिससे योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

अनु0:–तथैव

विश्वासभाजन,

सचिव, ऊर्जा विभाग–सह–
अध्यक्ष, ब्रेडा।

4142
18/9/26

सचिव
जल संसाधन विभाग
डायरी सं० 8331
दिनांक 16/09/26

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना
5707
18.09.2026

डायरी सं० 6639
दिनांक 18.09.26
मुख्य अभियंता, योजना एवं मॉनिटरिंग
जल संसाधन विभाग, पटना

D/Adarsh/2026/Sep/15

Scanned with CamScanner

विहित प्रपत्र

विभाग का नाम–										
क्र० सं०	जिला का नाम	भवन का नाम	भवन का पूरा पता	भवन के नोडल पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं सम्पर्क संख्या	उपभोक्ता संख्या	स्वीकृत विद्युत भार	छत का प्रकार (टिन शेड/एस्बेस्टस/पक्की छत)	छत का उपलब्ध कुल क्षेत्रफल (वर्ग फीट में)	सीढ़ियों की उपलब्धता (हाँ/नहीं)	अभ्युक्ति

नोट– वित्तीय वर्ष 2026–27 से 2029–30 तक में निर्माणाधीन या संभावित निर्माण किये जाने वाले भवनों की भी विवरणी उपलब्ध करायेंगे।

Scanned with CamScanner

SPECIFIED FORMAT

Name of the Department										
Sl. No.	District Name	Building Name	Complete Address of Building	Name, Designation & Contact No. of Building Nodal Officer	Consumer No.	Sanctioned Electrical Load	Type of Roof (Tin Shed / Asbestos / RCC Roof)	Total Available Roof Area (in sq. ft.)	Availability of Staircase (Yes/No)	Remarks

Note: Details of buildings that are under construction or likely to be constructed during the financial years 2026–27 to 2029–30 shall also be provided.

Scanned with CamScanner

215)

FORMAT

Name of the Department										
Sl. No.	District Name	Building Name	Complete Address of Building	Name, Designation & Contact No. of Building Nodal Officer	Consumer No.	Sanctioned Electrical Load	Type of Roof (Tin Shed / Asbestos / RCC Roof)	Total Available Roof Area (in sq. ft.)	Availability of Staircase (Yes/No)	Remarks

Note: Details of buildings that are under construction or likely to be constructed during the financial years 2026–27 to 2029–30 shall also be provided.

मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक– 12.08.2026 को सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधानसचिव/सचिव के साथ राज्य के सरकारी/सरकार के अधीन भवनों पर रेस्को मोड में ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट का अधिष्ठापन कार्य कराने एवं बिहार ग्रीन हाईड्रोजन नीति–2026 (प्रारूप) पर विचार–विमर्श हेतु सम्पन्न बैठक की कार्यवाही:–

बैठक में अध्यक्ष, ब्रेडा–सह–ऊर्जा सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा योजना एवं जल–जीवन–हरियाली अभियान (फेज–III) के अंतर्गत राज्य के सरकारी/सरकार के अधीन भवनों पर कुल 500 मेगावाट क्षमता के ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट का Renewable Energy Services Company (RESCO) मोड में अधिष्ठापन की स्वीकृति एवं संबंधित विभागों द्वारा RESCO डेवलपर के साथ सौर ऊर्जा संयंत्रों से उत्पादित ऊर्जा के क्रय हेतु पावर परचेज एग्रीमेंट (PPA) किये जाने की स्वीकृति मंत्रिपरिषद् द्वारा प्रदान की गई है। साथ ही बैठक में अवगत कराया गया कि बिहार ग्रीन हाईड्रोजन नीति– 2026 के प्रारूप को सभी संबंधित विभागों के साथ साझा किया गया है।

बैठक में RESCO डेवलपर एवं विभागों के बीच किये जाने वाले पावर परचेज एग्रीमेंट (PPA) एवं बिहार ग्रीन हाईड्रोजन नीति–2026 (प्रारूप) के विभिन्न बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया गया।

बैठक में हुए विस्तृत चर्चा के आलोक में निम्नलिखित निर्णय लिये गए:–

1. सभी विभाग जल–जीवन–हरियाली अभियान फेज-III के अंतर्गत ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट अधिष्ठापित करने हेतु नियंत्राधीन सरकारी/सरकार के अधीन ऐसे भवनों की विवरणी ब्रेडा को उपलब्ध करायेगें जहाँ पूर्व में सोलर पावर प्लान्ट का अधिष्ठापन न हुआ हो।
2. सभी विभाग मुख्यालय स्तर पर RESCO डेवलपर के साथ पावर परचेज एग्रीमेंट (PPA) करने एवं सोलर पावर प्लान्ट से उत्पादित ऊर्जा के विरूद्ध विपत्र राशि का केन्द्रीयकृत रूप से भुगतान करने हेतु नोडल पदाधिकारी नामित करेगें।
3. RESCO मोड में लगने वाले ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट का विद्युत वितरण कंपनियों (NPBDCL एवं SBPDCL) के साथ नेट मीटर एग्रीमेंट, सोलर पावर प्लान्ट से उत्पादित ऊर्जा का RESCO डेवलपर के साथ ज्वाईट मीटर रीडिंग, सोलर पावर प्लांट के सुरक्षा एवं सोलर पावर प्लांट के साफ–सफाई हेतु छतों पर पानी की व्यवस्था सुनिश्चत करने के लिए भवनवार नोडल पदाधिकारी नामित करेंगे।
4. सभी विभाग Payment Security Mechanism (PSM) के अन्तर्गत तीन माह के औसतन विद्युत विपत्र राशि के समतुल्य एक Buffer Fund की व्यवस्था करेगें जिससे RESCO डेवलपर के विपत्र राशि के देरी से भुगतान होने की स्थिति में Buffer Fund से भुगतान किया जा सके।
5. सभी संबंधित विभाग जिनकी ओर से बिहार ग्रीन हाईड्रोजन नीति 2026 (प्रारूप) पर सुझाव अप्राप्त है को निदेशित किया गया कि शीध्र अपना सुझाव उपलब्ध कराएँ।

बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त की गई।

अध्यक्ष, ब्रेडा–सह–
ऊर्जा सचिव ।

मुख्य सचिव,
बिहार सरकार।

सचिव
जल संसाधन विभाग

बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांकः–प्र0/ऊर्जा ब्रेडा–01/2025(खंड–1)– 4405 /पटना, दिनांक– 24.08.2026

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव सभी विभाग, बिहार एवं निदेशक, ब्रेडा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24.08.26

सरकार के संयुक्त सचिव।